लेजर अत्याधुनिक तकनीक से उपचार को लेकर वर्कशॉप मंगलवार व बुधवार को

नीमच। नीमच क्षेत्र के रोगी जो कि गुदा रोग जैसे पाइल्सए फिस्तुला भगन्दर फिशर एवं पिलोनीडल साइनस जैसे रोगों से पीड़ित हैं, उनके लिए लेजर पद्धति बिना दर्द और बिना चीरफाड़ द्वारा उपचार हेतु निःशुल्क वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। वीरेंद्र कुमार साखलेचा मेडिकल कॉलेज से संबंधित जिला अस्पताल में गुदा रोग की अत्याधुनिक तकनीक से उपचार से संबंधित वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। इसमें गुदा रोग जैसे फिस्टुला, पाइल्स, फिशर, पिलोनाइडल साइनस के उपचार हेतु अत्याधुनिक लेजर मशीन से ऑपरेशन की बारीकियां बताई जाएंगी। यह सीएमई मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया सर्जन के मार्गदर्शन में आयोजित की जायेंगी। इसमे लगभग 8 से 10 ऑपरेशन किये जायेगे। सर्जरी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. बृजेंद्र स्वरूप ने बताया कि सभी ऑपरेशन डॉ. अरविन्द घनघोरिया डीन द्वारा किये जायेंगे। ज्ञात रहे कि डॉ. घनघोरिया लेजर पद्धति के सुविख्यात सर्जन हैं। मशीन नई दिल्ली से 2 दिवस के लिये नीमच आ रही है। कार्यशाला में नीमच शहर के सभी सर्जन्स को लेजर की बारीकियां सिखाई जायेंगी। आयोजित वर्कशॉप जो मंगलवार व बुधवार को प्रातः 9 से 3 बजे तक आयोजित की जायेगी। जिसमे लेजर पद्धति से ऑपरेशन का निःशुल्क लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन सोमवार प्रातः 9 बजे से ओपीडी कमरा नम्बर 6 मे शुरू हो जाएंगे। ऑपरेशन में पहले रजिस्ट्रेशन कराने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी। उक्त जानकारी मेडिकल कॉलेज के डॉ. निशांत गुप्ता ने दी है।